NEWS CLIPPING: 20.04.2018

DAINIK BHASKAR

नाटक से किया पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक

भास्कर न्यूज|फरीदाबाद

अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस पर वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण को लेकर अलग-अलग कार्यक्रम हुए। इनमें विज्ञान पोस्टर प्रदर्शनी, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और विशेषज्ञ व्याख्यान शामिल थे। कार्यक्रम में भारतीय मौसम विभाग के उपमहानिदेशक डॉ. एसडी अत्री मुख्य अतिथि थे। जबकि अध्यक्षता प्रोफेसर संदीप ग्रोवर ने की। ग्रोवर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर सभी की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता है। सभी के एकजुट प्रयास से ही पर्यावरण प्रदूषण के प्रति जागरूकता एवं रोकथाम से संबंधित उपायों को लागू करने में सफलता हासिल की जा सकती है।

HINDUSTAN

इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव आज आयोजित होगा

फरीदाबाद। वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में शुक्रवार को ह्यरोजगार तथा उभरती हुई प्रौद्योगिकीह्न पर एक दिवसीय ह्यइंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव-2018ह्न का आयोजन किया जा रहा है। इससे रोजगार क्षमता को बढ़ाने के लिए अकादमिक और औद्योगिक के बीच समझौता भी किया जाएगा। जिससे विद्यार्थियों को रोजगार के बेहतर अवसर मिल सके। इस मौके पर व्याख्यान और पैनल चर्चा का भी आयोजन किया जाएगा।

YMCA University of Science & Technology

(NAAC Accredited Grade 'A' State University)
Sector 6, Faridabad (HARYANA) – 121006

NEWS CLIPPING: 20.04.2018

PUNJAB KESARI

वाईएमसीए विश्वविद्यालय में इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव का आयोजन

फरीदाबाद, 19 अप्रैल (ब्यूरो): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालयए फरीदाबाद द्वारा 20 अप्रैल को रोजगार तथा उभरती हुई प्रौद्योगिकी पर आयोजित किये जा रहे।

एक दिवसीय इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव 2018 के दौरान विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता को बढ़ाने के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण के ज्यादा से ज्यादा अवसर प्रदान करने के दृष्टिगत अकादमिक औद्योगिक समझौते किए जाएंगे तथा विभिन्न क्षेत्रों में विद्यार्थियों के लिए रोजगार के बेहतर अवसरों पर विशेषज्ञ व्याख्यान और पैनल चर्चा आयोजित की जाएगी। कॉन्क्लेव में विभिन्न उद्योगों से 150 से ज्यादा प्रतिनिधियों के हिस्सा लेने की संभावना है। सम्मेलन की अध्यक्षता कुलपति प्रो दिनेश कुमार करेंगे।

इस अवसर पर बिजनेस डेवलपमेंट, डीएससी लिमिटेड, फरीदाबाद लघु उद्योग संघ के अध्यक्ष राजीव चावला मुख्य वक्ता के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। सम्मेलन के दौरान 8 विशेषज्ञ व्याख्यानों का आयोजन भी किया जाएगा। सम्मेलन का आयोजन विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट विभाग द्वारा इंडस्ट्रियल रिलेशन्स प्रकोष्ठ तथा एलुमनई एवं कारपोरेट प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय द्वारा औद्योगिक अकादमिक अंतराल को भरने की दिशा निर्देश उचित कदम उठाना है ताकि विद्यार्थियों की रोजगार क्षमताओं को बढ़ाया जा सके। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. लखविन्द्र सिंह तथा सुमन वशिष्ठ ने बताया कि यह सम्मेलन रोजगार प्रदाताओं तथा शिक्षण संस्थान के बीच संवाद का ऐसा मंच है, जहां औद्योगिक विशेषज्ञ विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझे करेंगे जिससे विद्यार्थियों को मौजूदा औद्योगिक मांग के अनुरूप खुद को तैयार करने में मदद मिलेगी। एलुमनई एवं कारपोरेट प्रकोष्ठ के निदेशक डॉ संजीव गोयल, इंडस्ट्रियल रिलेशन्स प्रकोष्ठ की निदेशक डॉ रश्मि पोपली ने बताया कि सम्मेलन के दौरान नये रोजगार, औद्योगिक मांग के अनुरूप तैयार करने तथा औद्योगिक व अकादमिक अंतराल को भरने जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी।

पंजाब केसरी ई-पेपर Fri, 20 April 2018
epaper.punjabkesari.in//c/28026552

HINDUSTAN

पृथ्वी दिवस पर कई कार्यक्रम होंगे

फरीदाबाद। वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में रविवार को अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम होंगे। मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय मौसम विभाग (नई दिल्ली) के उपमहानिदेशक डॉ. एसडी अत्री मौजूद होंगे। इसकी अध्यक्षता प्रो. संदीप ग्रोवर करेंगे। इनके अलावा कार्यक्रम में मानविकी एवं विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. राज कुमार और डॉ. रेनूका गुप्ता मौजूद होंगी।

NEWS CLIPPING: 20.04.2018

AMAR UJALA

'इंडस्ट्रियल कांक्लेव-2018' आज

फरीदाबाद। वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा 20 अप्रैल रोजगार और उभरती हुई प्रौद्योगिकी के लिए एक दिवसीय 'इंडस्ट्रियल कांक्लेव-2018' का आयोजन किया जाएगा। इसके माध्यम से विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता को बढ़ाना और औद्योगिक प्रशिक्षण के ज्यादा से ज्यादा अवसर प्रदान करना है।

NEWS CLIPPING: 20.04.2018

NAVBHARAT TIMES

जलवायु परिवर्तन पर हुआ व्याख्यान

■ एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद : वाईएमसीए यूनिवर्सिटी द्वारा अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस पर कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान पोस्टर प्रदर्शनी के साथ पर्यावरण पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता व विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किए गए। कार्यक्रम में भारतीय मौसम विभाग में उप महानिदेशक डॉ. एसडी अत्री मुख्य अतिथि व प्रमुख वक्ता के रूप में मौजूद रहे। इस मौके पर डॉ. एसडी अत्री ने जलवायु बदलाव के विभिन्न पहलुओं के बारे में चर्चा की।